न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 09/2023 बउनवानी कमला मीना बनाम लो.सू.अधि.एवं तहसीलदार मलारना डूंगर पुत्री श्री रामकरण मीना निवासी बीजी पम्प शिव मंदिर के पास रेल्वे कॉलोनी स0मा0

GCMS No-2023/13

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिश्यिल जज
22.2.2023	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 29.7.2022 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर के कार्यालय में अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः– 1. ग्राम गम्भीरा मे सम्पूर्ण चरागाह भूमि मे किस किस का कब्जा है ओर उस पर आपके द्वारा क्या क्या कार्यवाही की गयी इस कार्यवाही की सम्पूर्ण दस्तावेज की प्रतिलिपि उपलब्ध करावे। 2. चरागाह भूमि की कोई पुरानी फोटो प्रति उपलब्ध करावे ओर वर्तमान की फोटो कोपी भी उपलब्ध करावे। 3. ग्राम गम्भीरा में कितने पटटे रजिस्ट्रेश हुए है ओर कितने बकाया है उनके रिकार्ड की प्रतिलिपि उपलब्ध करावे । प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी। नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही, दौराने सुनवायी पैरोकार राजस्व ने कथन किया कि लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर के जवाब नोटिस क्रमांक / रीडर/सू0अधि0/2023/1292 दिनांक 8.2.2023 से अवगत कराया कि अपीलान्ट द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 29.7.2022 के बिन्दु संख्या 1 मे चाही गयी सूचना अपीलान्ट को तहसीलदार मलारना डूंगर के पत्रांक 935 दिनांक 6.9.2022 से उपलब्ध करवायी जा चुकी है। अतः अपील खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया। पैरोकार द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 29.7.2022 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1 मे चाही गयी सूचना तहसीलदार मलारना डूंगर द्वारा जरिये पत्रांक 935 दिनांक 6.9.2022 से अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है तथा शेष बिन्दु संख्या 2 की सूचना प्रश्नात्मक होने तथा बिन्दु संख्या 3 की सूचना का संबंध तहसील कार्यालय से नही होने एवं चाही गयी सूचना प्रश्नात्मक होने के कारण अपीलान्ट को उपलब्ध नही करवायी गयी है जिसके संबंध में अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। इस प्रकार कार्यालय द्वारा उपलब्ध सूचना अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आदेश खुले न्यायालय मे सुनवाया गया। (सुरेश कुमार ओला) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar Ola
Date: 2023.12.19 11:36:24 IST
Reason: SelfAttested